# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 5 अक्टूबर 2024





## खबर संक्षेप



### तेल बिगाड़ रहा कीचन का बजट, अन्य सामग्री के दाम भी बढ़े

**बलौदाबाजार।** जिले में महंगाई का असर अब रसोई पर नजर आने लगा है। बीते कुछ दिनों में रसोई से जुड़े खाद्य सामग्रियों की कीमतों में भारी बढ़ोतरी हुई है। इस कारण घरों का बजट बिगड़ गया है। जानकारी के अनुसार राइस ब्रान सहित सभी किस्म के तेल टिन की कीमत 2200 या उससे अधिक है, जिसे थोक विक्रेता 2175 रूपये में बेच रहे हैं, जबकि कुछ दिनों पहले तेल के टिन की कीमत 1600 से 1700 रूपये के मध्य थी, लेकिन वर्तमान में तेल की कीमतों में जो बढ़ोतरी हुई है, वह लोगों को चौका देने वाली है। इसके अलावा लहसुन की कीमत कुछ दिनों पहले 40 रूपये पाव थी, जो अब 100 रूपये हो गई है। इसी तरह प्याज 60 रूपये प्रति किलो है, जबकि कुछ दिनों पहले 40 रूपये किलो थी। लोगों का मानना है कि नवरात्रि के दिनों में ज्योत जंवारा के लिए तेल की मांग बढ़ जाती है, जिसके कारण मूल्यों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। हालांकि दुकानदारों की माने तो तेल का आयात अन्य देशों से नहीं होने के कारण तथा कालाबाजारी के कारण तेल के मूल्यों में वृद्धि हुई है।

### मुख्यमंत्री को सशस्त्र सैन्य समारोह में शामिल होने आमंत्रण



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में 5 और 6 अक्टूबर को आयोजित होने वाले सशस्त्र सैन्य समारोह में शामिल होने का आमंत्रण गुरुवार को भारतीय सेना के ब्रिगेडियर अमन आनंद और कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने दिया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा एवं सीईओ जिला पंचायत विश्वदीप भी उपस्थित थे।

### राज्य स्थापना दिवस पर अवकाश

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना दिवस पर 1 नवंबर को स्थानीय अवकाश की घोषणा की गई है। जीएडी द्वारा जारी आदेश में राज्य के सभी शासकीय कार्यालयों में अवकाश रहेगा। बैंक, कोषालय, उप कोषालय और वित्तीय संस्थानों में यह आदेश लागू नहीं होगा।

### राजनांदगांव जिला शिक्षा अधिकारी बने प्रवास

**रायपुर।** राज्य शासन ने प्रवास कुमार सिंह बघेल को राजनांदगांव का नया जिला शिक्षा अधिकारी नियुक्त किया है। वे सहायक संचालक संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग में पदस्थ थे। शिक्षा विभाग ने इसे लेकर आदेश जारी कर दिया है। आदेश में कहा गया है कि सहायक संचालक आदित्य खरे को राजनांदगांव के डीईओ के एडिशनल चार्ज से मुक्त कर दिया गया है।

## अंचल में विराजीं मां दुर्गा


जय मॉं महामाया दुर्गोत्सव –पोराभॉठा


ऊँ शॉति दुर्गोत्सव –क्रेशर खदान पारा


ओम शॉति दुर्गोत्सव–गोवर्धन चौकढ़


जय मॉं चण्डी दुर्गोत्सव–बाजार चौक


मॉं महामाई दुर्गोत्सव –बस्ती पारा


मॉं जगदंबे दुर्गोत्सव – बजरंग चौक

## गांधी जयंती : लोगों को स्वच्छता जागरूकता का दिया संदेश

# कैडेट्स ने चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

शासकीय डीके कॉलेज में गांधी जयंती स्वच्छता संदेश को ध्यान में रखते हुए कैडेटों ने स्वच्छता अभियान चलाया। कार्यक्रम में वेस्ट टू आर्ट, स्लोगन लेखन, चित्रकला, रंगोली, निबंध लेखन आदि कार्यक्रम आयोजित कर स्वच्छता पखवाड़ा की अंतिम कड़ी में, एनसीसी कैडेट्स द्वारा कैम्पस स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया। महाविद्यालय के सभी कैडेट्स ने इस अभियान में हिस्सा लिए। सभी ने मिलकर प्रदूषित जगह की साफ–सफाई किए। इस अभियान में कैडेट्स ने महाविद्यालय कैम्पस में स्वच्छता



अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता जागरूकता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जनसंख्या में वृद्धि के कारण तथा भौतिकतावाद सोच के कारण कचरे के ढेर लोगों के रोजमर्रा की जिंदगी में बहुत बड़ी समस्या बन गयी है। अगर हम अपशिष्ट प्रबंधन पर ध्यान नहीं देते हैं तो एक दिन मानव जाति को कचरों के ढेर के बीच में रहने पर मजबूर होना पड़ेगा। अगर प्लास्टिक बैग के जगह कपड़े का बैग इस्तेमाल करते हैं तथा चीजों का रीयूज एवं रीसाइकल करें तो पर्यावरण प्रदूषण को कम करने में अपना महत्व पूर्ण योगदान दे सकते हैं तथा अपने आस पास के जगह को साफ सुथरा रख सकते हैं।

### गांधी जयंती पर छात्रों ने बनाई आकर्षक रंगोली



पलारी। महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर ग्राम सोनारदेवरी के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों द्वारा स्वच्छता के तहत रंगोली एवं चित्रकारी कला प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें विद्यार्थियों ने आकर्षक रंगोली व चित्रकारी बनाई, जिसे सभी ने सराहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सुनीता त्यागी, शाला विकास समिति अध्यक्ष रामेश्वरवर्मा, कुंदन साव विधायक प्रतिनिधि, सुश्री कल्पना भगत, गजानंद साहू, हीराराम वर्मा, पुरषोत्तम धीवर, उपसरपंच सावित्री वर्मा, तुलेश्वर साहू, द्वारिका साहू, शिवबती वर्मा, पूर्व सरपंच बम्लेश्वरी ध्रुव, भूपेंद्र वर्मा, छन्नू साहू, मन्नू साहू, ईसाक खान, संतराम कनोजे, गेंदराम फेकर, बंटी साहू सहित छात्र छात्राएं और ग्रामीण उपस्थित थे।

## छात्रों ने शिक्षक, शिक्षिकाओं का किया सम्मान



**मूण्डा।** संकुल केन्द्र पैंजनी में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रारंभ में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। संकुल पैंजनी के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं, सफाई कर्मचारी एवं सभी शिक्षक, शिक्षकों को मेमेंटो, प्रशस्ति पत्र और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सफाई कर्मचारियों को मेमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह मेमेंटो भेंट कर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में संकुल के प्राचार्य लंकेश्वर प्रसाद साहू, प्रधानपाठक चूड़ामणि वर्मा, भागवत प्रसाद चंद्राकर,मन्नूलाल धुरव, संतोष पैकरा, गंभीर सिंह ठाकुर और शिक्षक नरेंद्र साहू, अरुण रात्रे, लोमस कोसरे, विनोद पटेल, ज्यामिति यदु, सुकृता सेन, सुनीता धुरव, राजेश साहू, संतोष बंजारे, मनमोहन दास हरिप्रिय, मुकेश वर्मा, मुकेश बंजारे, ज्ञानेश्वर मनहरे, सीमा मिरी, ओमकुमारी वर्मा, नंद कुमार पैकरा, जितेंद्र खुटे, संतोष नेताम, रामेश्वर साहू, जगदीश वर्मा, प्रभा शंकर पटेल,दिनेश पैकरा, ममता राठौर,रीता चंद्राकर सहित बच्चों की उपस्थिति रही।

## नवोदय विद्यालय में मनी गांधी और शास्त्री की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बगबुडा

पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय, लवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और शांति के प्रतीक भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती को धूमधाम से मनाई गई। 2 अक्टूबर, गांधी जयंती पर विद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें प्राचार्या बी. गिरिजा, मंदोदरी सेठ गोवर्धन प्रसाद साहू, सत्येन्द्र कुमार पाण्डेय, राजेंद्र सिका, कृष्ण कुमार, स्मिता पिल्लई, राकेश सिंह, चंडी हलधर, राघवेन्द्र सोनार प्रदीप कुमार विशाखा डागे, ज्ञानप्रकाश एवं सभी छात्र–छात्राएं इस स्वच्छता अभियान में सम्मिलित हुए। स्वच्छता अभियान के पश्चात महानविभूतियों




की जन्म जयंती का आयोजन किया गया। समस्त शिक्षक–शिक्षिकाओं और छात्र–छात्राओं द्वारा गांधी जी के प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम का गायन किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के छात्र शांतनु देवांगन, और सुयश मिरी, ईशा ज्योति, सत्यप्रकाश राय, उपासना साहू, रिषिका, कंचन साहू ने गांधीजी और लालबहादुर शास्त्री के जीवन पर प्रकाश डाला अपने भाषण एवं कविता वाचन के माध्यम से किया। कार्यक्रम में प्राचार्या बी. गिरिजा ने कहा कि महात्मा गांधीजी ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में मुख्य भूमिका निभाई तथा गांधीजी के सत्य और अंहिसा के मार्ग पर चलनें के लिए समस्त छात्र– छात्राओं को प्रोत्साहित किया। शिक्षक सत्येंन्द्र कुमार पाण्डेय ने लालबहादुर शास्त्री के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार अभाव मे जीवन की शुरूआत करके सादगी सत्यनिष्ठा और इमानदारी से आगे बढ़ते हुए उन्होंने देश के सर्वोच्च राजनीतिक पद प्रधानमंत्री का पद ग्रहण किया, किस प्रकार 1965 के युद्ध में पाकिस्तान को नाको चने चबवाया और किस प्रकार जय जवान जय किसान का नारा देकर जवानों के साथ साथ किसानों को भी सम्मानित किया। विद्यालय के ग्रंथपाल राजेंद्र सिका ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा पूरी दुनिया को अहिंसा का पाठ पढाने वाले आजादी के महानायक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं शांति के प्रतीक लालबहादुर शास्त्री के आदर्श एवं उनके मार्ग पर चलने के लिए तथा सपने को अगर हम पूरा कर सके तो उनके लिए एक श्रद्धाजंलि होगी।

### नगर में हमर क्लिनिक का लोकार्पण





**खरोरा।** नगर के बाबा घासीदास वार्ड 2 में नवनिर्मित आयुष्मान आरोग्य मंदिर हमर क्लिनिक लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि धरसींवा विधायक अनुज शर्मा थे। पूर्ववर्ती शासन काल में स्वीकृति मिली जो की वार्डवासी व पार्षद भारती संत नवरंगे द्वारा मांग की गई थी। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दूर होने के चलते कई ऐसे मरीज है जिन्हें चलने फिरने में कठिनाई होती है वह आसानी से जाकर जांच करा सकेंगे। वार्ड 2, एक, तीन व चार सभी एक दूसरे से लगे होने के चलते हमर कलीनिक का लाभ मिलेगा।




## पेज 11 के शेष

### शारीरिक शिक्षा को...

के रूप में लागू करने पर बल देती है। संघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष राकेश प्रधान ने बताया कि एससी ईआरटी रायपुर द्वारा खेल विषय विशेषज्ञों की तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित कर स्कूली पाठ्यक्रम में शारीरिक शिक्षा को शामिल करने अनुमति के लिए सचिव स्कूल शिक्षा विभाग को भेजा गया है, जिस पर आज पर्यंत तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है, और न ही क्रमोन्नति एवं पदोन्नति हुई है संघ ने अपनी सैतीस वर्षों की जायज मांगों को पूरा करने सरकार से गुहार लगाई है। इस संबंध में शासन को अवगत कराने के लिए प्रदेश स्तरीय महासम्मेलन भी कराया था। संघ ने अविलंब शारीरिक शिक्षा विषय को अनिवार्य करने एवं क्रमोन्नति पदोन्नति की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपने वालों में राकेश प्रधान प्रदेश कोषाध्यक्ष, भोजराम मनहरे जिला सचिव रायपुर, विजय रत्नाकर मीडिया प्रभारी ,रितेश चंद्राकर, बृजभूषण सिंह ठाकुर,लुकेश नामदेव उपस्थित थे।

### संपर्क केंद्र की...

मिली जानकारी से बताया की मोंगरा साहू जुलाई 2023 से अपना घर महिला आश्रम भरतपुर में रह रही थी। उन्हें दौरा पुलिस थाने के जरिए आश्रम में छोड़ा गया था। जिले में नवाचार के तहत स्थापित सपर्क केंद्र के जरिए 17 सितंबर को अपना घर आश्रम भरतपुर वालों ने उक्त महिला के संबध में फोन कर जानकारी दी। जानकारी मिलते ही तत्काल कलेक्टर सोनी ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को उक्त महिला को लाने निर्देशित किया था।

### स्वच्छता अभियान में ...

स्टाफ पुष्पलता सुरतांगे की उपस्थिति में जल बहिनियों द्वारा ग्राम के सभी स्त्रोतों का जल परीक्षण किया गया एवं जल जीवन मिशन योजना के प्रचार–प्रसार के उद्देश्य से जल को बचाना है कल को बचाना है जैसे विभिन्न नारों के साथ जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत केसदा में जल–जीवन मिशन योजना के तहत पर्याप्त शुद्ध पेयजल मिल रहा है। इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक घर में नल कनेक्शन प्रदान कर शुद्ध पेयजल की सुविधा प्रारंभ की गई है।

गौरतलब है कि ग्राम पंचायत केसदा में हर घर जल सिंगल रेट्रोफिटिंग स्कीम योजना के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने उच्च स्तरीय पानी की टंकी का निर्माण किया और पाइप लाइन का विस्तार किया। इस योजना के माध्यम से अब हर घर में प्रतिदिन सुबह और शाम शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो रहा है। गांव की महिलाएं ने सुमित्र वर्मा, जानकी वर्मा, अनिता नायक, तिजिया निर्मलकर, राजेश्वरी वर्मा ने बताया कि पहले उन्हें हैंडपंप से पानी लाने के लिए लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ता था। लेकिन अब घर में नल लगने से उन्हें पर्याप्त मात्र में शुद्ध पानी मिल रहा है जिससे उनका जीवन बहुत आसान हो गया है। इस मौके पर ग्राम लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से मनोज राठौर, राज कुमार कोसले, प्रकाश वालदे, जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्य व जल बहिनियों के साथ ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### साहू संघ आईटी ...,

महिला प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजीका शीलू साहू सहित सभी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के स्वागतोत्सुक में प्रमुख रूप से द्वारिका साहू प्रदेश संयोजक आईटी प्रकोष्ठ एवं मनीष कुमार साहू प्रदेश प्रभारी महामंत्री आईटी प्रकोष्ठ, उत्तम साहू, लीला राम साहू, दानेश साहू, परमानंद साहू, ईश्वर साहू, हेमंत साहू, नितिन साहू उपस्थित रहेंगे।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 5 अक्टूबर 2024

10 नवोदय विद्यालय में मनी गांधी और शास्त्री की जयंती



12 योग समिति के सदस्यों ने गायत्री मंदिर परिसर में की साफ-सफाई





# सोने-चांदी के गहने चमकाने के नाम पर महिला से ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुण्डा

सोना और चांदी से बने आभूषण को चमकाने के नाम पर चोरी करने की घटनाएं अचंल में अक्सर सामने आ रही है। थाना से महज डेढ़ से 2 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत कोलिहा के बस्ती में 1 अक्टूबर को सुबह 11.30 बजे अज्ञात दो महिलाओं ने भोली-भाली महिला को अपने झांसे में लेकर करीब एक लाख का सोना चांदी चोरी पार कर दिए। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर चल रहा है। साथ ही फोटो, वीडियो भी वायरल हो रहा है। गहनों की ठगी करने वाला गिरोह महिलाओं को टारगेट करती हैं, क्योंकि यह महिलाएं कम समय में ही झांसे में आ जाती है।

## सीसी कैमरा में हुई कैद, पुलिस हुलिया के आधार पर जांच में जुटी



### ठग केमिकल की मदद से गहनों का बड़ा हिस्सा चुरा लेते हैं

ठग अन्य प्रान्त से आकर मासूम लोगों को अपनी जाल में फंसाकर ठगी का शिकार बना रहे हैं। ठगी से अनजान लोग इसकी ठगी का शिकार भी हो रहे हैं। ठगी की जानकारी होने के बाद यह ठग उनकी पहुंच से बहुत दूर गायब हो जाते हैं। यह ठग अलग–अलग गिरोह बनाकर चल रहे हैं। कई ऐसे गिरोह है जो घरों में आकर आभूषणों को चमकाने के नाम पर कीमती गहरों की चोरी कर रहे हैं। यह ठग केमिकल की मदद से गहनों का बड़ा हिस्सा चुरा लेते हैं। साथ ही पुराने गहने को वापस करने पर नया गहना देने के लिए पुराना गहनों को अपने पास रख लेते हैं और बाद में नया गहना देंगे कहकर यह ठग गायब हो जाते हैं। जब तक पीड़ित को यह बात समझ में आती तब तक काफी देर हो चुकी होती है।

लवन पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अज्ञात महिला आरोपियों की पता तलाश में जुटी है। साथ ही पुलिस ने सीसी कैमरे की तस्वीर के आधार पर लोगों से आग्रह किया है कि इन महिलाओं के कहीं नजर आने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें, ताकि उन्हें पकड़कर कड़ी कार्रवाई की जा सके। चोरी की घटना का मामला थाना से कुछ ही किलोमीटर दूर का होना बताया जा रहा है।विदित हो कि, पुलिस के बार–बार समझाने के बावजूद भोले–भाले लोग ऐसे शातीरों की चिकनी चुपड़ी बातों में फंसते रहते हैं। लवन थाना क्षेत्र अंतर्गत गांवों में इन दिनों महिला चोर सक्रिय है, जो गांवों में खुलेआम घरों में जाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया दे रहे हैं।

## नवरात्रि विशेष



### तृतीय : चंद्रघंटा

मां दुर्गा का तीसरा शक्ति स्वरुप है चंद्रघंटा। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इसी रुप का पूजन होता है। माता का यह रुप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसी से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का वर्ण सोने के समान है। उनके दस हाथ हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी पूजा से भक्तों में वीरता, निर्भयता और विनम्रता आती है। नवरात्रि के तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व माना जाता है। हमें मन-वचन-कर्म और काया की विधि विधान के अनुसार पवित्र करके ही मां की पूजा करनी चाहिए। इससे संसार के सारे कष्ट मिटते हैं और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरे नवरात्र को भक्त का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं की प्राप्ति होती है। विविध प्रकार की ध्वनियां सुनाई देती है। मां की कृपा से सारे पाप और संकट दूर होते हैं। इनके घंटे की आवाज प्रेत बाधाओं से सदा भक्तों की रक्षा करती है। मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं। उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली है। माता के इस रुप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है।
पिंडजप्रवरारुढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते महाचंद्रघंटेति विश्रुता ।।

## हाथी का आतंक : वन विभाग के एसडीओ और रेंजर सहित राहगीरों को दौड़ाया

# कोठारी, अर्जुनी और सोनाखान रेंज में पहुंचा हाथी, मचा रहा उत्पात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

वनमंडल बलौदाबाजार अन्तर्गत कोठारी, अर्जुनी और सोनाखान रेंज में लगातार दंतैल हाथी की मौजूदगी से आसपास के ग्रामीण सकते में है। विदित हो कि कोठारी-नवागांव के बीच मुख्यमार्ग में लगातार हाथी दिखाई दे रहा है, इसके अलावा शुक्रवार को देर रात नवागांव बेरियर के सीसीटीवी कैमरे में भी हाथी कैद हुआ है। इधर हाथी की मौजूदगी पर वन विभाग ने ग्रामीणों को जंगल जाने से मना किया है। साथ ही कोटवारों के माध्यम से आसपास के गांव-गांव में सतर्क रहने के लिए मुनादी करायी जा रही है, वहीं वन विभाग अलर्ट मोड़ पर है।

**नवागांव बेरियर के सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ दंतैल**

## क्षेत्रवासियों में दहशत, वन विभाग ने गांवों में अलर्ट रहने करायी मुनादी




### अर्जुनी रेंज में है मौजूद

जानकारी के अनुसार उक्त दंतैल हाथी सुबह 6.30 बजे उत्तर गिन्डोला ग्राम के आबादी से होते हुए कक्ष क्रमांक 386, 391, 398 की ओर गया है। साथ ही वर्तमान लोकेशन- कक्ष क्रमांक 386, 391, 398 बिलाईगढ़ और और अर्जुनी रेंज की बाउंड्री में होने की प्रत्यक्ष बात सामने आ रहा है। साथ ही हाथी द्वारा कक्षा क्रमांक - 385, 384, 383, 372, 373, 390, 391 बिलाईगढ़ रेंज की ओर जाने की संभावना बतायी जा रही है। इधर वन विभाग द्वारा गिन्डोला, खोसड़ा, दलदली, कुकरिकोना, खुरसुला, करियातार, सिंघीतार, महुआडीह के ग्रामीणों को सतर्क रहने की समझाइस दी जा रही है।

### वन अमले को दौड़ाया

विकासखंड के कोठारी वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम ताल दादर के पास कसडोल पिथोरा मार्ग पर गुरुवार को शाम जंगली हाथी ने वन विभाग के एस डी ओ और रेंजर सहित राहगीरों को दौड़ाया, जिसके कारण लोगों में दहशत का माहौल है। ज्ञात हो कि विकासखंड के जंगल क्षेत्र में लंबे समय से हथियोवका डेरा बना हुआ है, जिसके कारण लोगों का सामना कई बार सड़क मार्ग में हो जाता है। गुरुवार को भी विकासखंड के कोठारी वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम ताल दादर के पास शाम को करीब 5 बजे एक दंतैल हाथी सड़क में आ गया था, जिसके कारण करीब एक घंटे तक मार्ग अवरूद्ध हो गया था। बताया जाता है कि हाथी ने एक घंटे तक सड़क में आने जाने वाले लोगों को दौड़ता रहा। वहीं रात में करीब 10 बजे नवागांव बेरियर के पास पहुंच गया था।

# कंपनी निर्माण के विरोध में ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम परसदा के ग्रामीण अपने गांव को नंदन स्मेल्टरस प्रा. लिमिटेड के जहरीले प्रदूषण से बचाने कंपनी के निर्माण को बंद कराने की मांगों लेकर 26 सितम्बर से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। वही अचंल के जनप्रतिनिधियों और जिम्मेदार अधिकारियों को लगातार अपने संकट से अवगत कराते आ रहे हैं। विदित हो कि इस कंपनी के लगने से भविष्य में होने वाले नुकसान को शासन–प्रशासन तथा हर विभाग में आवेदन देकर अवगत कराने के बाद भी कंपनी का निर्माण लगातार चलते रहने से ग्रामीण आक्रोशित हैं।

9 दिनों से शासन–प्रशासन के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों द्वारा इस आंदोलन को नजर अंदाज किया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि हम अपने हक अधिकार के इस लड़ाई को आगे बढ़ाते रहेंगे, फिर भी नहीं जागे तो शासन प्रशासन का पुतला दहन एवं एसडीएम आफिस का घेराव कर रोष प्रकट करने का संकल्प धरना में बैठे लोगों ने लिया। प्रदर्शन में मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ किसान महासभा राज्य संयोजक नरोत्तम शर्मा एवं छत्तीसगढ़ ग्राम विकास एकता समिति के सचिव धर्मेन्द्र बैरागी, ग्राम इकाई अध्यक्ष राजेश शर्मा के साथ लालू साहू, मेघनाथ मार्कंडेय, सन्त कुमार साहू, प्रवीण कुमार, गोविंद यादव, मदनलाल यादव, सुरेश कुमार पाल, अरूण साहू,दयालू साहू, संगीता वर्मा, ललिता साहू आदि उपस्थित थें।

- 9 दिनों से जारी है अनिश्चितकालीन आंदोलन, विरोध में शासन–प्रशासन का जलायेंगे पुतला

## खबर संक्षेप



### काजल के मॉडल को मिला प्रथम स्थान

**खरोरा।** कक्षा 10वीं सेजेस खरोरा की छात्र काजल टंडन ने विज्ञान प्रदर्शनी में जोन स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। उसने वर्षा जल संचयन का उपयोग कर जल विद्युत उत्पादन पर एक कार्यशील मॉडल बनाया। राज्य स्तर पर अपने मॉडल का प्रस्तुतिकरण राज्य स्तर पर करेंगी। प्राचार्य रजनी मिंज और उप प्राचार्य हरीश देवांगन और विज्ञान शिक्षक नदीश साहू, रूपाहिखा साहू, पारुल राजोरिया, अपूर्वा ओगरे ने उसे ट्रॉफी देकर प्रोत्साहित किया उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### साहू संघ आईटी प्रकोष्ठ का शपथ ग्रहण 6 को रायपुर में

**पलारी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के आईटी प्रकोष्ठ के नवनियुक्त पदाधिकारी का शपथ ग्रहण 6 अक्टूबर को मां कर्मा धाम कृष्ण नगर रायपुर में रखा गया है। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन उपमुख्यमंत्री अरुण साव, पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू अध्यक्षता छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू, विशिष्ट अतिथि विधायक मोतीलाल साहू एवं साहू समाज युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष व कसडोल विधायक संदीप साहू, अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू, राजिम विधायक रोहित साहू, जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू, बेमेतरा विधायक दीपेश साहू, भाटापारा विधायक इन्द्र साव, धमतरी विधायक ओंकार साहू होंगे। अन्य अतिथि गण में युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू, छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, मोहन कुमारी साहू, कोषाध्यक्ष हनुमंत साहू ,प्रदेश महामंत्री दयाराम साहू, हलधर साहू ▶▶ शेष पेज 10 पर

# शारीरिक शिक्षा को अनिवार्य विषय बनाने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत कक्षा 11वीं एवं 12वीं के स्कूली पाठ्यक्रम में शारीरिक शिक्षा को एक अनिवार्य विषय बनाने की मांग शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ प्रमुखों ने की है। इसके लिए संघ प्रमुखों की शासन प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से मांगों को लेकर लगातार कोशिशे जारी है। इसी कड़ी में पूर्व मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात कर उक्त संबंध में विस्तार से जानकारी देकर ज्ञापन सौंपा। 2020 नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति भी शारीरिक शिक्षा को एक अनिवार्य विषय ▶▶ शेष पेज 10 पर

# स्वच्छता अभियान में गूंजा गांधीजी का भजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



गांधी जयंती पर विकासखंड सिमगा के ग्राम केसदा में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा विविध जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन की थीम को लेकर एवं बुरा न बोलो– बुरा न सुनो– बुरा न देखो पर रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। साथ ही ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्यों व जल बहनियो तथा ग्रामवासियों द्वारा ग्राम के चौक चौराहे, ग्राम के हैंडपंप के आसपास, पानी टंकी के आस– पास, ग्राम पंचायत, बाजार चौक आदि में साफ सफाई का कार्य किया गया। आईएसए ▶▶ शेष पेज 10 पर

- गांधी जयंती पर जनप्रतिनिधियों ने की नगर में साफ–सफाई,

# संपर्क केंद्र की पहल से गुमशुदा महिला की सकुशल हुई घर वापसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा द्वारा 4 साल से गुमशुदा ग्राम ओडान निवासी 45 वर्षीय मोंगरा साहू को राजस्थान से सकुशल घर वापसी करायी गई है। इस दौरान कलेक्टर ने आज महिला एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर उनका हालचाल का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग एवं अन्य संबंधित विभाग को पेंशन एवं अन्य योजनाओं से लाभांवित करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को काउंसिलिंग कराने के निर्देश दिए हैं। मोंगरा साहू ने बताया की मेरे पति बहुत मारपीट करता था, जिससे मैं परेशान हो गई थी, फिर मैं कमाने खाने के नाम से राजस्थान चली गई थी। वहां मेरी अचानक तबीयत खराब हो गई। बलौदाबाजार से लाने गए मिशन वात्सल्य सोशल वर्कर शहनवाज ने ▶▶ शेष पेज 10 पर

## विधायक एवं विप्र समाज ने प्रथम दिवस की श्रीराम भगवान की आरती

# मुकुट व अस्त्र शस्त्र पूजन के साथ रामलीला का मंचन शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

भाटापारा में विगत 105 वर्ष प्राचीन एवं ऐतिहासिक संस्था आदर्श रामलीला नाटक मंडली द्वारा इस वर्ष भी नवरात्रि के प्रथम दिवस गणेश पूजन तथा मुकुट व अस्त्र शस्त्र पूजन के साथ रामलीला का मंचन आरंभ किया।

इसमें नारदमोह, मारीच-सुबाहु आतंक, मुनि आगमन में विश्वामित्र का रामलक्ष्मण को मांगना एवं ताड़ीका वध एवं मारीच-सुबाहु वध की शानदार प्रस्तुति दी गई, जिसमें नारद और ताड़ीका के पात्र में हर्ष गुप्ता एवं मारीच-सुबाहु में श्याम मल ने शानदार अभिनय का प्रदर्शन किया। वहीं दशरथ के रूप में सागर जायसवाल ने मार्मिक अभिनय दिखाया। वहीं शिवगण के रूप में अभी अग्रवाल एवं मंगल मिश्रा ने शानदार अभिनय किया। भगवान विष्णु के रूप में आयुष तिवारी नजर आए एवं सभी कलाकारों ने अपनी कला की अदायगी से दर्शकों का मनमोह लिया। बच्चों के अभिनय को खूब सराहा गया। वहीं रामलीला मंचन के प्रथम दिवस पर गणेश पूजन, मुकुट एवं अस्त्र-शस्त्र पूजन बाल गोविंद तिवारी के करकमल से संपन्न हुआ। बाल गोविंद तिवारी वर्तमान रामलीला समिति के संरक्षक हैं साथ ही बहुत लंबे समय से रामलीला से जुड़े हुए हैं।



### बाल कलाकारों ने दी आकर्षक प्रस्तुति

भाटापारा के विधायक इंद्र कुमार साव इस कार्यक्रम में शामिल हुए और विप्र समाज के प्रतिनिधियों के साथ भगवान की आरती की। विधायक इंद्र साव ने कहा रामलीला के संचालकों ने लंबे समय से ऐसी संस्था का संचालन जारी रखा है, किसी भी संस्था का इतना लंबा सफर तय करना बहुत कठिन होता है, लेकिन यह भाटापारा का सौभाग्य है कि ऐसी संस्था आज 105 वर्ष से नगर में सफलतापूर्वक चल रही है। विधायक ने रामलीला का निरीक्षण कर कार्य प्रणाली को समझा एवं बाल कलाकारों से मिलकर चर्चा की एवं प्रसन्नता जाहिर की। वहीं विप्र समाज के प्रतिनिधियों के रूप में हरगोपाल शर्मा ने बाल कलाकारों को मंच में अभिनय कला की भूरि भूरि प्रशंसा की एवं रामलीला के लोगों के प्रभुकार्य में समर्पण को दर्शकों के बीच रखा। आदर्श रामलीला नाटक मंडली की ओर से उपस्थित सभी अतिथियों को रामलीला समिति के संरक्षक बजरंगलाल चौरसिया ने स्वागत किया।

### पार्षद ने कॉलेज को भेंट किया वॉटर कूलर

**खरोरा।** नगर वार्ड नं 1 के पार्षद व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खरोरा के शहर अध्यक्ष डॉ. सुरेन्द्र गिलहरे ने अपने पार्षद निधि से स्व. रामप्रसाद देवांगन शा स की य महाविद्यालय खरोरा में सभी स्टॉप व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में स्वच्छ एवं ठंडा जल पीने के लिए वॉटर कूलर भेंट किया।



पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468


पंचायत चौक ग्राम कोसमंदा मे विराजी मां दुर्गा दो शेर वाला।


दैहान पारा धिरघोल ।


श्री राम चौक ग्राम छड़ीया में विराजी मां दुर्गा ।


नीम चौक ग्राम बांसबिनौरी में विराजी मां दुर्गा।


महादेव चौक ग्राम सोनार देवरी मे शेर की सवारी में मां दुर्गा।

## खबर संक्षेप

### निशुल्क चिकित्सा शिविर 6 को

बलौदाबाजार। निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन 6 अक्टूबर को आशीर्वाद डेंटल हॉस्पिटल बलौदा बाजार में किया जाएगा। जिसमें मूत्र रोग, अर्थराइटिस, न्यूरोपैथी, चर्म रोग, पाइल्स, भगंदर, फिशर की चिकित्सा एवं परामर्श दिया जाएगा। मिरेकल्स होम्योपैथी क्लीनिक के डॉक्टर एके चौरसिया एमडी ने बताया की बलौदा बाजार इसमें विशेष रूप से डॉक्टर चौरसिया डॉक्टर निधि डॉक्टर रंजना परामर्श देगी। शिविर में स्त्री रोग की चिकित्सा न्यूरोपैथी थायराइड इसका भी परामर्श दिया जाएगा। शिविर में निशुल्क चिकित्सा के रूप में एक बीएमआई मोटापे की जांच लाल पैथोलॉजी के द्वारा हीमोग्लोबिन, कैल्शियम, कोलेस्ट्रॉल यूरिक एसिड की जांच निशुल्क की जाएगी।

### विकलांग पुकारने का विरोध संघ की महिला कमेटी ने सौंपा ज्ञापन



**हिरमी-रावन।** ग्रामीण क्षेत्रों में दिव्यांग साथियों को उनके नाम से ना पुकार कर विकलांगता से पुकारा जाता है, जिससे उनके आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाती हैं। जन मानव विकलांग कल्याण संघ की महिला कमेटी इन सारी बातों को ध्यान में रखते हुए जिला मुख्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि दिव्यांग साथियों को उनके विकलांगता से ना पुकारा जाए, जिससे उनका आत्मसम्मान बना रहे। ज्ञापन सौंपने में जिला अध्यक्ष घनश्याम साहू जिला प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर राजेश कुमार वर्मा, सावित्र यदु, सुमित्र साहू, लता पटेल, खुशबू यादव के अलावा अन्य सदस्य मौजूद थे।

### छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा रही सफल

**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा के आवास प्रभारी व पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश यदु ने कांग्रेस की छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा गिरौदपुरी से रायपुर तक के सफल आयोजन के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को बधाई दी। उन्होंने कांग्रेस के समस्त जनप्रतिनिधियों व कांग्रेसजनों के प्रति आभार व्यक्त किया है। प्रदेश



कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में गिरौदपुरी से रायपुर तक 125 किलोमीटर तक छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा निकाली गई, जिसमें प्रदेशभर के कांग्रेसजन भारी उत्साह के साथ शामिल हुए। दिनेश यदु ने कहा की प्रदेश में बढ़ते अपराध बलात्कार नाबालिक बच्चियों के साथ अनाचार, हत्या, लूट, अपहरण जैसे वारदाते, बलौदाबाजार की आगजनी से लेकर कवर्धा में हुए हत्याकांड के विरोध में सतनामी समाज के निर्दोषजनों, कांग्रेस नेता कार्यकर्ताओं की रिहाई की मांग को लेकर महात्मा गांधीजी के सत्याग्रह के रास्ते पर चलते हुए प्रदेश में पुनः सामाजिक समरसता और शांति स्थापित करने छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा निकाली थी, जिसमें प्रदेशभर से कांग्रेस के जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता भारी संख्या में शामिल हुए। सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं का दिनेश यदु ने छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा के सफलता के लिए आभार व्यक्त किया।

**सियासत :** दूसरे चरण का अभियान 1 से 15 अक्टूबर तक

# सदस्यता अभियान के लिए निकाला रथ पूर्व विधायक शिवरतन ने दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा

जिले में भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान जारी है। पार्टी के तमाम पदाधिकारी सदस्यता अभियान में जुटे हैं। इसी कड़ी में भारतीय जनता युवा मोर्चा की रथयात्रा को उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने पार्टी का ध्वज दिखाकर रवाना किया।

सदस्यता रथ रवाना करने से पहले शिवरतन शर्मा ने युवा मोर्चा को संबोधित करते हुए कहा कि पहले चरण का अभियान 2 से 25 सितंबर तक का पूर्ण हो चुका है, और अभी अब दूसरे चरण का अभियान 1 से 15 अक्टूबर तक चलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। जनसंघ से लेकर भाजपा तक हमारे अभियान लगातार जारी हैं। आज कश्मीर से कन्याकुमारी तक भाजपा का संगठन है।

शिवरतन शर्मा ने रथ यात्रा की जानकारी देते हुए बताया कि 4 अक्टूबर से 11 अक्टूबर के बीच प्रदेश में रथयात्रा के माध्यम से युवा मोर्चा विकासखंडों में जाकर शैक्षणिक संस्था, छात्रावास, दुर्गा पण्डाल, हाट बाजार, मॉल, रेल्वे स्टेशन, बस स्टैण्ड आदि जगहों पर युवाओं को नए सदस्य बनाया जा रहा है।उन्होंने कहा कि आज हम लोगों की आकांक्षाओं को पूरा कर रहे हैं। भारत आज विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है। हमने धारा 370, 35 ए जैसे विषयों पर काम किया है।उक्त कार्यक्रम में राहुल सराफ, रोहित माहेश्वरी, विकाश मित्तल, डॉ मोहन बांधे, योगेश अंनत, पवन वर्मा, छोटू यादव, सतीश सोनी, प्रशांत यादव,अविनाश शर्मा, लोकेश यादव, अंजय श्रीवास, अनुपम श्रीवास्तव, आशिष पुरोहित, आशीष टोडर, सतीश साहू, राजू पटेल, गोपाल नागवानी,,अजित निषाद, कान्हा मिश्रा, जीवन वर्मा, सुरेंद्र डागोर, दरवेश हबलानी, प्रमोद निषाद, माखन महिलांगे, उमाशंकर वर्मा, मुकेश साहू, नारू सेन,बंटी ठाकुर, मोटू ध्रुव, चेतन वर्मा, शुभम राजपूत सहित बड़ी संख्या में युवा मोर्चा एवं मंडल पदाधिकारी उपस्थित थे।

### सदस्यता अभियान में जुटे भाजपा कार्यकर्ता



#### बड़ी संख्या में युवाओं को पार्टी से जोड़ने का लक्ष्य

भाजयुमों द्वारा निकाली गई रथयात्रा प्रमुख चौक-चौराहों, महाविद्यालयों आदि स्थानों में जाकर सदस्यता अभियान का प्रचार प्रसार और पार्टी से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगी। भाजयुमो जिलाध्यक्ष सुनील यदु ने बताया कि बड़ी संख्या में युवाओं को पार्टी से जोड़ने के लिए रथयात्रा निकाली गई है, जो जिले के ज्यादा से ज्यादा स्थानों में जाकर सदस्यता अभियान के प्रति लोगों को जागरूक कर पार्टी से जोड़ने का काम करेगी।

## राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में वेदांत ने हासिल किया तृतीय स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलारी



नगर के स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय ओड़ान के छात्र वेदांत कंवर ने अपनी अद्वितीय प्रतिभा और ज्ञान के आधार पर राज्य स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता में अपनी जगह बनाई है। कक्षा 6वी के छात्र वेदांत ने जोन स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में अपने प्रोजेक्ट की बदौलत उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया, जिसमें 12वीं कक्षा तक के छात्र प्रतिभागी थे।

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़ द्वारा बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी की प्रतियोगिता हर वर्ष रखी जाती है। इसमें वेदांत को बाल वैज्ञानिक का नाम दिया गया है। इस सफलता का श्रेय उनके शिक्षक स्वप्निल वर्मा और उनके पिता शेखर कुमार कंवर जो सहायक शिक्षक, शासकीय प्राथमिक शाला दतरेंगी में पदस्थ को जाता है, जिन्होंने कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता के साथ वेदांत का मार्गदर्शन किया। स्वप्निल वर्मा जिला विज्ञान समिति के सदस्य और जिला मास्टर ट्रेनर होने के नाते विज्ञान के क्षेत्र में गहरा अनुभव रखते हैं। उन्होंने अपनी गहन ज्ञान और अनुभव के माध्यम से वेदांत को निरंतर मार्गदर्शन दिया।

### मां दुर्गा की भक्ति में लीन हुए भक्त



**पलारी।** शारदीय नवरात्रि गुरूवार से प्रारंभ हुई, इसी के साथ नौ दिनों तक भक्त माता रानी के भक्ति में लीन है। नवरात्रि प्रारंभ पर अंचल के सभी गांवों में माता दुर्गा को शुभ मुहूर्त में विधि विधान के साथ विराजमान किया तथा प्रथम दिवस माता पार्वती अर्थात शैल पुत्री के रुप में पूजी गई। वहीं प्रत्येक दुर्गा पंडालों के साथ साथ देवालयों में आस्था के दीप प्रज्ज्वलित किए गए।

## योग समिति के सदस्यों ने गायत्री मंदिर परिसर में की साफ-सफाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलारी

स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत पलारी नगर के गायत्री मंदिर परिसर में नियमित योग कक्षा में आने वाली बहनों ने महिला पतंजलि योग समिति के माध्यम से महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मंदिर परिसर की साफ-सफाई की।

उन्होंने गांधी जी की पूजा अर्चना रघुपति राघव राजा राम पतित पावन सीताराम गीत गाकर उन्हें याद किया तथा उनके द्वारा देश हित में किये गये कार्यों से प्रेरित होकर मंदिर दरवाजे के बाहर व अंदर मंदिर परिसर की साफ सफाई की। सभी ने मिलकर पौधारोपण भी किया। इस मौके पर समस्त मातृ शक्तियों ने संकल्प लिया कि हम अपने घरों व आसपास तथा नगरों को एक ही दिन नहीं बल्कि प्रतिदिन साफ रखेंगे। समिति के अध्यक्ष मीना साहू ने कहा कि जिस प्रकार हम अपने घर बाहर साफ सफाई और स्वच्छ रख सकते हैं, उसी प्रकार हम अपने शरीर रूपी घर को योग, प्राणायाम करके स्वच्छ कर बड़ी–बड़ी बीमारियों और रोगों से मुक्त हो सकते हैं। इस अभियान को सफल बनाने के लिए समिति के सहयोगी सदस्य राजेश्वरी चंद्राकार, दुर्गा वर्मा, सोमेश्वरी, खोमेश्वरी वर्मा, तनु साहू, विभा चंद्राकर, पूर्णिमा चंद्राकर, मीरा वर्मा, वर्षा ठाकुर विनीता साहू, दीक्षा वर्मा, हेमा, कौशल्या, हेमलता कन्नौजे, ममता साहू एवं बाल सदस्य के रूप में देवांश, मोक्ष, रोहक, रोली, अंशु, राजेश, जतिन और रमेश पुजारी का विशेष सहयोग रहा।

## स्काउट गाइड के प्रशिक्षण में शामिल हुए 145 बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुहेला

भारत स्काउट एवं गाइड, छत्तीसगढ़ के राज्य प्रशिक्षण केंद्र झीपन में विशेष 3 दिवसीय कैम्प का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के 7 जिलों से कुल 145 बच्चों ने भाग लिया।

इसके साथ ही 22 राज्य प्रभारी और 13 जिलों के प्रभारी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल, राज्य उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, विजय केसरवानी ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। मुख्य अतिथि ने बच्चों को संबोधित करते हुए स्काउटिंग के महत्व और इसके माध्यम से मिलने वाले अनुभवों के बारे में बताया। उन्होंने स्काउटिंग को अनुशासन, नेतृत्व और समाज सेवा का एक महत्वपूर्ण माध्यम बताया उत्कृष्ट कार्य करने के लिए 3 स्काउटर इनूराम वर्मा, धनेशवर वर्मा, मनीष बघेल को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सर्व धर्म प्रार्थना का विशेष आयोजन किया गया। कैम्प के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें खेल और शिक्षाप्रद कार्यशालाएं शामिल थीं। बच्चों ने न केवल स्काउटिंग की बुनियादी बातों को सीखा, बल्कि टीम वर्क और आत्मनिर्भरता के महत्व को भी समझाया गया। इस 3 दिवसीय कैम्प ने बच्चों को न केवल स्काउटिंग के गुण सिखाए, बल्कि उन्हें जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार किया।



## भालूकोंना चितावर धाम में 183 तेल व 23 घी की मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित



**हिरमी-रावन।** अंचल के हिरमी, मोहरा, भालेसुर, मुसवाडीह सहित आसपास की गांवों में आकर्षक पंडालों में जगह-जगह मॉ दुर्गा को स्थापित किया गया है। सुबह से ही चौक चौराहों पर युवाओं एवं महिलाओं की भीड़ पंडालों के पास लगी रही। सुबह से ही पंडालों में मॉ दुर्गा की पूजा के लिए युवाओं एवं महिलाओं की भीड़ थाली सजा कर पहुंची। विधिवत हर पंडालों में पुजारियों द्वारा पूजा कराकर मां दुर्गा को स्थापित किया गया। मंदिरों में भक्तों की भीड़ रही तथा ज्योति कलश जलाए गए। वहीं भालूकोन में सुप्रसिद्ध चितावर धाम में 183 तेल एवं 23 घी की मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की गई है।

## पूर्व माध्यमिक शाला में हुआ न्योता भोज का आयोजन

**पलारी।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय गिर्रा में शिक्षिका रोशनी साहू ने अपने और पुत्र के जन्म दिवस पर स्कूल के विद्यार्थियों के संग मनाया। इस मौके पर विद्यालय के बच्चों को न्योता भोज कराया, जिसमें शिक्षिका ने बच्चों को मध्याह्न भोजन के अतिरिक्त अन्य पौष्टिक भोजन के रूप में मुंगफल्ली, चना, मिठाई एवं मिक्सर के साथ चॉकलेट का वितरण किया।



इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं, छात्र–छात्राएं एवं पालक तथा रसोइया द्वारा रोशनी साहू को शुभकामनाएं दी। साथ ही कसर्यक्रम में उपस्थित महेंद्र कुमार साहू मंडल अध्यक्ष परिक्षेत्र संडी ने बच्चों को आशीर्वाद स्वरूप 5 सद्गुणों मेहनत, त्याग, आगे बढ़ने के लिए विनम्र होना, सच्चा होना, छात्रों को अच्छे से पढ़ाई करने के लिए तथा गांव और अपने माता–पिता का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया तथा साथ ही समस्त ग्रामीण जनों को भी प्रोत्साहित किया गया। प्रधान पाठक डिकेश चंद्राकर ने भी जन्मदिवस को यादगार बनाने हेतु न्योता भोज के लिए शिक्षिका का आभार जताया। कार्यक्रम में पंच वीणा देवी, देवकी सेन, द्रौपदी वर्मा, सरिता साहू एवं विद्यालय के समस्त छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

**सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ने की पहल**

# राजीव नगर में गुरु घासीदास संस्कार केंन्द्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरोरा

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय द्वारा राजीव नगर वार्ड 2 में गुरु घासीदास संस्कार केंन्द्र का शुभारंभ किया गया। यह सरकार केन्द्र माता बिरझा बाई मनहरे की स्मृति में वेदराम मनहरे द्वारा निःशुल्क संचालित किया जा रहा है।

उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. देवनारायण साहू, अध्यक्षता रूपनारायण सिन्हा, अनिल सोनी, श्यामसुंदर बांधे, चंद्रकुमार डडसेना द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों का परिचय एवं स्वागत विद्यालय का प्राचार्य अश्वनी पाटकर द्वारा कराया गया। तत्पश्चात गहिरा गुरू संस्कार केन्द्र बिरसा मुंडा संस्कार केन्द्र गुरुघासीदास संस्कार केन्द्र के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। अतिथियों ने कहा कि संस्कार केन्द्र के माध्यम से छात्र-छात्राओं को शिक्षा एवं सस्कार देने का यह कार्य विद्या भारती सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ प्रांत यह सुंदर प्रयास है। विद्या भारती का उद्देश्य है कि अभाव ग्रस्त क्षेत्रों में इस प्रकार की निःशुल्क शिक्षा व संस्कार पूरे प्रांत में चल रहा है। संस्कार केन्द्र के माध्यम से छात्रों को राष्ट्र भक्ति से ओत प्रोत हिन्दुत्वनिष्ठ आत्मनिर्भर स्वांवलबी बनाना है। इस प्रकार की शिक्षा एवं सस्कार से हमारी भारत माता को परम वैभव के शिखर पर ले जाना है। कार्यक्रम में पंचराम यादव दउवाराम बंजारे, विजय बांधे, नायकटॉड के प्रधान पाठक लक्ष्मण वर्मा, हेमकुमारी घृतलहरे, विद्यालय के संस्कार केन्द्र प्रमुख आचार्य यशवनी निषाद, मनोज ध्रुव, सीमा साहू, दमंयतीन दडसेना श्रीमति संतोषी यादव सरकार केन्द्र की संचालिका संचा कुमारी चंद्रकांता नायक, अंजुलता जोशी उपस्थित थीं। कार्यक्रम में अतिथियों ने संत गुरु घासीदास मंदिर में पूजा अर्चना की एवं आभार व्यक्त वेदराम मनहरे ने किया। कल्याण मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



